# निदेशक की कलम से...

## सम्माननीय अभिभावक महोदय एवं प्रिय विद्यार्थियों!

शिक्षा, संस्कार, विकास व सकारात्मक सोच आपकी कठिन परिश्रम व अनुभव का परिणाम होता है। शिक्षा एकमात्र जरिया है जिससे विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास संभव है। बहुत से ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों का अभाव होता है । वहां लोग आर्थिक रूप से इतने सक्षम नहीं होते हैं कि वह अपने बच्चों को महंगी संस्थाओं में शिक्षा दिला सके। मेरे जेहन में हमेशा से एक सवाल रहा है। कि क्या ऐसा कोई स्त्रोत या माध्यम है जिससे ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक विद्यार्थी को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ सर्वांगिण विकास किया जा सके। ग्रामीण परिवेश होने के कारण उच्च शिक्षा के संसाधनों की हमेश कमी रही है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए क्षेत्र की बालिकाओं को सीकर शहर जाना पड़ता था जिससे उनको बहुत सी आर्थिक, मानसिक, शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। मेरा खुद का गांव होने के कारण मैनें इस विषय पर विचार किया और सत्र 2021-22 में एस.एम.डी.ग्रुप ऑफ एड्युकेशन में एस.एम.डी. कॉलेज की मान्यता लेकर क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा में आगे बढ़ने एवं अपने सपने पूरा करने के लिए इस संस्था की शुरूआत की गयी। एस.एम.डी. कॉलेज में बी.ए / बी.एस.सी. अंग्रेजी व हिन्दी दोनों माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है इसी के साथ में ग्रामीण अंचल के इन विद्यार्थियों को UPSC (संघ लोक सेवा आयोग) की नि:शुलक तैयारी करवायी जाती है संस्था में विद्यार्थियों को कक्षा 12वीं के बाद सिविल सर्वीस से सम्बन्धित प्रत्येक परीक्षा के लिए तैयार किया जाता है। जिससे वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके। मैं आप सबका आभारी हूं कि एस.एम.डी. को मैनें एक पौधे के रूप में शुरूआत की जो कि आज आप सब लोगों के विश्वास व सहयोग की बदौलत एक वटवृक्ष का रूप लेता जा रहा है और निरंतर प्रगतिशील है। आप सब लोगों का सहयोग एवं टीम एस.एम.डी. ग्रुप की मेहनत का प्रतिफल है। मैं आप सब लोगों को आने वाले भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आपके सहयोग व आशीर्वाद की अपेक्षा रखते हुए एक नई शुरूआत करने जा रहा हूं। आपके साथ व विश्वास को नमन्।

**विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ।**

**नथमल शर्मा**
निदेशक